हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026

04 पहले दाम, फिर काम वाली बीमारी से ग्रस्त बाबू का ...



08 तुलसी सरोवर जल संसाधन विभाग का है यहां नपा...





## खबर संक्षेप

### अत्यधिक गर्मी के चलते विद्यालयों के समय में किया गया परिवर्तन

**सागर।** जिले में बढ़ती अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार समस्त शासकीय, अशासकीय, आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.ई. एवं अनुदान प्राप्त तथा अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय संचालन का समय आगामी आदेश तक प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही किया जाएगा तथा मूल्यांकन कार्य भी यथावत समय पर संपादित किए जाएंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण की समीक्षा हेतु बैठक आज

**सागर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 1 मई से 30 मई की अवधि में किया जाना निर्धारित है। उक्त कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक 15 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न होगी। बैठक में जनगणना 2027 के प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की प्रगति, तैयारियों एवं विभागवार दायित्वों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### एकता समिति ने स्वर सम्राज्ञी आशा भोंसले को श्रद्धांजलि दी

**सागर।** एकता समिति ने महान हस्ती, सुरों की मलिका आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो जाने पर गानों द्वारा श्रद्धांजलि दी । उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों ने आशा भोंसले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया। सर्वप्रथम अनिल गंगवानी ने उनका गीत के अभी ना जाओ छोड़ कर की दिल अभी,भरा नहीं पेश किया। शैलेंद्र जड़िया ने मेरे रोम रोम में बसने वाले राम जगत के स्वामी मैं तुझसे क्या मांगू पेश किया। नवीन मोटवानी चुरा लिया है तुमने जो दिल पेश किया। राजेंद्र सोनी मामा ने प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा गीत पेश किया। सागर के प्रसिद्ध गीतकार स्वर्गीय विट्ठलभाई पटेल द्वारा लिखित गीत आशा भोसले ने गए थे इसमें, मौसम आएगा जाएगा प्यार सदा मुस्कुराएगा पेश किया गया। इस अवसर पर सुधीर जैन, प्रदीप समैया, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, कमलचंद जैन, संजय शास्त्री, राजेंद्र मलैया, अरुण जैन मासाहब, अजीत जैन, प्रमोद पटेल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आशा भोसले अनमोल रत्न थी उनकी कमी की भरपाई नहीं हो सकती । आशा जी आज हमारे बीच में नहीं है परंतु उनके मधुर गीतों के माध्यम से हमेशा अमर रहेगी ।

### बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के आदेशानुसार 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से जिला स्तरीय उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पुलिस, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी (आईसीडीएस) तथा खंड चिकित्सा अधिकारी को दलों में शामिल किया गया है।

संविधान निर्माता अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान, शिक्षा और जागरूकता को बताया समाज उत्थान का आधार

# डॉ.भीमराव अंबेडकर एक समाज के नहीं, पूरे राष्ट्र के जननायक और आदर्श हैं: मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है।




मंत्री राजपूत ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय एक समाज के नहीं, पूरे राष्ट्र के जननायक और आदर्श हैं वे संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे, जिन्होंने अपने जीवन में भेदभाव, अन्याय और छुआछूत के खिलाफ निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और यह सिद्ध किया कि मजबूत इरादों से हर बाधा को पार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है, जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित करता है। "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मंत्री राजपूत ने आगे कहा कि आज 21वीं सदी के भारत में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। हमें ऐसा समाज बनाना है जहां समानता, भाईचारा और न्याय की भावना मजबूत हो।

उन्होंने बताया कि सरकार डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना है। डिजिटल इंडिया, स्किल डेवलपमेंट और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

मंत्री राजपूत ने कहा कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, जब तक समाज का हर व्यक्ति अपनी सोच में बदलाव नहीं लाएगा, तब तक वास्तविक समानता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने सभी से अपने व्यवहार में समरसता लाने और भेदभाव की भावना को समाप्त करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि हम डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलेंगे, उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएंगे और एक न्यायपूर्ण, समतामूलक एवं समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीना राजू आदिवासी, प्रीतम अहिरवार, पुन्नी लाल अहिरवार, रोहित अहिरवार, वृंदावन अहिर वार, रमेश अहिरवार, पूरन बाबा, राम सेवक अहिरवार, भगवानदास बाबा सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



## खुरई में ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर पुष्पांजलि की अर्पित

**खुरई।** भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर (बाबा साहेब) की 135वीं जयंती मंगलवार को खुरई मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को याद किया और भारत के संविधान निर्माता के रूप में जो उन्होंने कार्य किए उसे विशेष रूप से याद किया गया। एवं कांग्रेसजनों द्वारा संविधान को बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर खुरई (शहर) ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड.शाकिर खान ने कहा कि हम बाबा साहेब के दिखाये रास्तों पर चलते हुए संविधान की रक्षा हेतु सदैव संघर्षरत रहेंगे। एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्रामींण ब्लॉक अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर कहा कि उनका संघर्ष और सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इस कार्यक्रम में खुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड.शाकिर खान, ग्रामींण ब्लॉंक अध्यक्ष हरविंदर चावला, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, जयकुमार मुल्ला, देवेन्द्र रघुवंशी, सेवादल ग्रामींण अध्यक्ष नवल सेन, रामचरण अहिरवार, शशिकान्त शर्मा, अरमान मलिक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजरानी अहिरवार, पप्पू सूर्यवंशी, अक्षय सोहित, बलराम अहिरवार, विशाल विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, फूलसींग सेन, नीरज दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



## महापौर संगीता तिवारी ने भगवानगंज स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**सागर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने महापौर प्रतिनिधी डा सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटेल एवं पार्षद अनीता रामू ठेकेदार के साथ भगवानगंज स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए नागरिकों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और स्वाभिमान का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता भी सामाजिक सम्मान और जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि हम अपने शहर को स्वच्छ रखते हैं, तो यह बाबा साहेब के "स्वाभिमान" के विचार को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने सागरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सागर को देश के शीर्ष शहरों में स्थान दिलाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। घर-घर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना तथा गंदगी न फैलाने का संकल्प लेना अत्यंत आवश्यक है। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इन प्रयासों को सफल बनाने में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर किशोरी चौधरी, पंकज अहिरवार, जय कुमार अहिरवार, प्रवेश कुमार अहिरवार, कमलेश अहिरवार एडवोकेट, शिवचरण अहिरवार, बिट्टू अहिरवार, राजेश चौधरी, भूपेंद्र अहिरवार, मूलचंद मौर्य,डालचंद बरदेले, भगवानदास बड़कुर, एवं बड़ी संख्या मे नागरिक जन उपस्थित रहे।

## मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण का कार्य रोके जाने के विरोध में क्रमिक भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरीकलां

देवरी नगर के झुनकू वार्ड स्थित मुक्तिधाम में विगत 4 अप्रैल को प्रशासन द्वारा की गई बुल्डोजर के विरोध में चल रहा सत्याग्रह क्रमिक भूख हड़ताल के चरण में पहुँच गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर कार्रवाई कर स्थानीय प्रशासन द्वारा जन सहभागिता से चल रहे मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण कार्य को रोके जाने एवं निर्माणाधीन फाउन्डेशन ध्वस्त किये जाने के बाद से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। मौन जुलूस एवं धरना प्रदर्शन के बाद नागरिकों द्वारा स्थानीय नगरपालिका चौराहे क्रमिक भूख हड़ताल आरंभ की गई है जिसमें मुक्तिधाम समिति के सदस्य क्रमवार भूख हड़ताल पर बैठेंगे। मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग एवं 4 सूत्रीय मांगों के समर्थन में स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर आरंभ हुई क्रमिक भूख हड़ताल के पहले दिन पृथ्वी वार्ड निवासी कश्यप बोहरे भूख हड़ताल पर बैठे जिनके समर्थन में मुक्तिधाम समिति सदस्यों एवं नगर के समाजसेवियों ने साथ बैटकर हौसला आफजाई की। इस दौरान नगर के बुद्धिजीवियों ने सत्याग्रह के प्रति समर्थन व्यक्त किया एवं नगर विकास को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।





### जन सहभागिता के लिए सत्याग्रह का पहला मामला

ये इतिहास का शायद पहला मामला होगा जब सार्वजनिक हित के सामुदायिक विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यो में जनभागीदारी करने के लिए नागरिकों द्वारा सत्याग्रह किया जा रहा है। इसके विपरीत मामले में शासन-प्रशासन जन सहयोग की राशि और श्रमदान से निर्मित संरचनाओं पर बुल्डोजर चलाने पर आमादा है।

दर असल सार्वजनिक हित के जनकल्याण कारी कार्यो एवं सरकारी योजनाओं में जन सहभागिता आपेक्षित होती है इसी अवधारणा को लेकर स्वयंसेवी संघठनों एवं जनभागीदारी समितियों का गठन किया जाता है। मौजूदा प्रदेश की भाजपा सरकार भी जन सहभागिता की हिमायती है जिसके चलते प्रदेश में जनअभियान परिषद के माध्यम से प्रदेश के स्वयंसेवी संगठनों, महिला ईकाईयों, स्कूली छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक हित के अभियानों से जोड़ा गया है। ऐसे में देवरी नगर में स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई शासन और प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है।

### मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारी चुप

सियासी इशारे पर प्रशासन द्वारा की गई नाटकीय कार्रवाई के बाद अब मामले में प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हुए है, नागरिकों द्वारा मौन जुलूस, धरना एवं भूख हड़ताल के माध्यम से अपने इरादे जाहिर कर दिये है। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपनी मांगे पूरी किये जाने को लेकर आंदोलनरत है। वही मामले में प्रशासनिक अधिकारी पूर घटनाक्रम से कन्नी काटते नजर आ रहे है।

## नेशनल हाईवे पर कार-बाइक टक्कर, दो युवक घायलः खुरई-सागर रोड पर हुआ हादसा

**खुरई।** खुरई-सागर नेशनल हाईवे पर बनहट गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार जितेंद्र पटेल (31) और संदीप पटेल (30) दोनों कजलीवन मैदान, सागर के निवासी हैं। वे सागर से खुरई की ओर जा रहे थे, तभी खुरई की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में घायल हुए दोनों युवकों के पैरों में फ्रैक्चर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही सिविल अस्पताल की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल खुरई में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर रेफर कर दिया गया। घायल जितेंद्र पटेल ने बताया कि वे अपनी सास को देखने बीना जा रहे थे, जो कुछ दिन पहले सीढ़ियों से गिर गई थीं।

## कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' का आयोजन

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्रधानमंत्री मोदी के 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में कॉलेज के स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। महाविद्यालय के सभागार में आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से इस लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान वक्ताओं ने नारी के आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व और समाज में समान अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल सकारात्मक सोच पैदा होती है, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी जागृत होती है। हमारा उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग कर उन्हें आत्मविश्वास से लबरेज करना है।जिला उद्योग कार्यालय से पधारीं मुख्य अतिथि मंदाकिनी पाण्डेय ने महिलाओं की आर्थिक भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम महिलाओं की सामाजिक और राजनीतिक भूमिका को रेखांकित करने का सशक्त माध्यम है। आज की नारी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है।

कचरे के उत्पादन को कम करने के साथ-साथ कचरे से रोजगारोन्मुख कला को मिल रहा बढ़ावा

# कबाड़ से जुगाड़ कर बनी रेडियो की प्रतिकृती को निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने वाणिज्यकर चौराहे पर स्थापित कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सागर को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में स्वच्छता से जुड़े हर एक पहलू पर सजगता से कार्य किये जा रहे हैं। शहर में कचरे का उत्पादन कम कैसे किया जा सकता है इस पर गहन विचार विमर्श कर निगमायुक्त खत्री ने कबाड़ से जुगाड़ कर ऐसी कलाकृतियाँ बनवाने का निर्णय लिया जो वर्तमान परिपेक्ष्य में लोगों की प्रेरणा बनें और कुछ ऐसी कलाकृतियाँ तैयार की गई जिनका अपने समय में अद्वितीय महत्व था इनमें से एक है कबाड़ से बना रेडियो। यह कबाड़ से जुगाड़ कर बनी रेडियो की प्रतिकृती निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने वाणिज्यकर चौराहे पर स्थापित करायी है। कबाड़ सामग्री स्क्रेप लोहा, चद्दर, टीन, वाहनों के पुराने अनुपयोगी कलपुर्जे आदि उपयोग कर लगभग 15-20 फ़ीट लम्बी, 2 फ़ीट चौड़ी और 8-10 फ़ीट ऊंचाई की इस रेडियो प्रतिकृती को रेडियो की बारीकीयों को ध्यान में रखकर बहुत ही आकर्षक बनाया गया है।





निगमायुक्त ने शहर के रेग पिकर्स, कबाड़ बीनने वालों और कबाड़ बेचने वालों सहित कचरे के सेग्रीगेशन से जुड़े छोटे बड़े व्यापारियों के साथ संवाद कर अनुपयोगी कबाड़ सामग्री से आकर्षक कलाकृतियों को बनाकर बेचने की बात कही। उन्होंने कहा की एक सम्पन्न व्यक्ति के घर में जो वस्तु कबाड़ है वही किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए अतिउपयोगी होती है। यदि इस प्रक्रिया को कड़ी से कड़ी मिलाकर पूरा किया जाये तो कचरे के उत्पादन को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए निगम द्वारा त्त सेंटर के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। निगम द्वारा संचालित 3त सेंटरों में कपड़ा बैंक, बर्तन बैंक, पुस्तक बैंक खिलौना बैंक आदि अन्य प्रकल्प संचालित हैं। उन्होंने रिसाइकल रीयूज और रिड्यूज का उदाहरण देते हुए बताया की नगर पालिक निगम की स्टोर शाखा, वाहन शाखा और अतिक्रमण शाखा आदि में बहुत सी कबाड़ सामग्री वर्षों से अनुपयोगी पड़ी थी इस समाग्री को कलाकारों से परीक्षण कराया और कुछ उपयोगी वस्तु बनाने का विचार रखा, इसका परिणाम आज हमारे सामने राहतगढ़ ब्रिज के पास स्थापित विशाल तोप, कालीचरण मूर्ति के पास स्थापित मिसाइल और वाणिज्यकर चौराहे पर स्थापित रेडियो, शीतलामाता मंदिर पर लगाई गई नीलकंठ चिड़यिा आदि के रूप में देखने मिल रहा है। पुराने टायरो लकड़ी आदि से भी कलाकृतिया बनाई गई हैं। इस दिशा में हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। ये सभी कलाकृतियाँ कहीं न कहीं कचरे के उत्पादन को कम करने के साथ-साथ कचरे से रोजगारोन्मुख कला को बढ़ावा दे रहीं हैं। इन कलाकृतियों को देखकर नई नई प्रतिकृती निर्माण की प्रेरणा व्यक्ति को विशेष कौशल प्रदान कर सीधे रोजगार पाने या आत्मनिर्भर बनने के योग्य बना सकती है। कबाड़ से जुगाड़ कर इस प्रकार निर्माण कराने का हमारा उद्देश्य शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ-साथ लोगों में सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा व्यावहारिक कार्यक्षमता बढ़ाकर रोजगार के अवसर की ओर ले जाना भी है।

कचरे का उचित निपटान आज वैश्विक समस्या है। हमारे देश में सदियों से वस्तुओं के पुनः उपयोग की परम्परा रही है इसका सबसे सहज उदाहरण टीन, प्लास्टिक के डिब्बों और पुराने मटकों में पौधे लगाकर गमले बनाना है। यह हर सामान्य घर में आसानी से देखा जा सकता है। ऐसे में यदि कचरा कबाड़ या पुरानी हो चुकी अनुपयोगी सामग्री को नवस्वरूप में ढाल कर कुछ बेहतर बनाने की कला आपके अंदर है तो आप एक बड़ी समस्या को हल करने के साथ ही रोजगार उत्पन्न कर सकते हैं। कचरे के निपटान क्षेत्र आज इतना बड़ा स्वरूप ले चुका है की आप स्वयं के साथ-साथ कई अन्य लोगों के लिए जीवनयापन में सहयोगी बन सकते हैं। आज सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यम से भी बहुत सी कलाकृतियां बनाना सीख सकते हैं। अनुपयोगी वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाना सीखा जा सकता है।



## ज्ञान सागर कॉलेज का चार दिवसीय टेककृति ज्ञानोत्सव 2026 का भव्य समापन

**सागर।** ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित चार दिवसीय वार्षिक टेक्निकल फेस्टिवल "टेककृति- "ज्ञानोत्सव 2026" का भव्य समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शैलेन्द्र जैन विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं श्याम तिवारी जिला अध्यक्ष, भाजपा सागर एवं प्रो. राकेश सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन महेश बिलहेरा, रमेश बिलहेरा, संतोष बिलहेरा तथा डायरेक्टर्स डॉ. रितुल सराफ एवं इंजी. अर्चित जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ. आर. के. जैन ने स्वागत भाषण देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस टेकफेस्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सशक्त प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना है, जिससे वे तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दक्षता का भी विकास कर सकें। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ ने कहा कि ज्ञान सागर कॉलेज विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इस प्रगति का नेतृत्व आज का युवा वर्ग कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को सही दिशा में शिक्षा प्रदान कर ज्ञान सागर कॉलेज समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए संस्थान के चेयरमैन महेश बिलहेरा एवं डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ को हार्दिक बधाई दी। विशिष्ट अतिथि श्याम तिवारी ने कहा कि ज्ञान सागर कॉलेज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है। विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए अपनी शिक्षा पर पूर्ण ध्यान देना चाहिए।

### रिकॉर्ड सुधार के नाम पर किसान से लिए पैसे, जांच के दावों के बीच कार्रवाई पर नजर

# पहले दाम, फिर काम वाली बीमारी से ग्रस्त बाबू का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकार द्वारा मोटी सैलरी मिलने के बावजूद सरकारी दफ्तरों में पहले दाम, फिर सरकारी काम नाम की बीमारी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों में जबरदस्त रूप से फैलती जा रही है। यही रिश्वत रूपी मानसिकता जिले में एक बार फिर उजागर होती नजर आ रही है। बीते कुछ समय से भ्रष्टाचार से जुड़े वायरल वीडियो लगातार सामने आ रहे हैं और अब ताजा मामला जिले के जतारा एसडीएम कोर्ट कार्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां रिकॉर्ड सुधार के नाम पर एक किसान से कथित रिश्वत लेते हुए बाबू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आमजन के भरोसे को भी झकझोर दिया है।



उक्त वायरल वीडियो में बृजेन्द्र अरजरिया नाम का बाबू एक किसान से पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। आरोप है कि यह रिश्वत रूपी राशि रिकॉर्ड सुधार कराने के एवज में मांगी गई थी। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग खुलकर सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चर्चा करने लगे। उक्त मामले पर पहले तो काफी समय तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। लेकिन फिर तमाम प्रयासों के बाद जतारा एसडीएम संजय द्विवेदी ने स्वीकार किया कि वीडियो में किसान से रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहा व्यक्ति प्रारंभिक तौर पर तो उनके कार्यालय का बाबू बृजेन्द्र अरजरिया ही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हरिभूमि समाचार पत्र उक्त वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गौरतलब है कि वीडियो वायरल होने के काफी समय बीत जाने के बावजूद किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई थी।

#### सच्चाई सामने लाना प्रशासन की जिम्मेदारी

वहीं यदि वीडियो भ्रामक है, तो उसकी सच्चाई सामने लाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि समय समय पर इस तरह के कई वीडियो सामने आते रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में या तो कार्रवाई होती नहीं है, या फिर कार्यवाही की रफ्तार धीमी रखते हुए खानापूर्ति कर कार्यवाही की इतिश्री कर ली जाती है या फिर दोषी कर्मचारी को कुछ समय के लिए तत्कालीन पद से हटाकर मामला दबा दिया जाता है। ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। जनता का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो रिश्वत के बिना काम नहीं वाली सोच और मजबूत होगी। फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है, लेकिन सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इस बार सच में कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

#### जांच कराएंगे...

यह वायरल वीडियो मैंने देखा है जिसमें प्रथम दृष्टया तो कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते हुए दिख रहा है। लेकिन पुख्ता तौर पर तो जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। लेकिन दोषी पाए जाने पर कार्यवाही जरूर की जाएगी।

**संजय द्विवेदी, एसडीएम जतारा**

# अंबेडकर जयंती पर संविधान की प्रतियों संग गूंजे समरसता के संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को पलेरा नगर में भव्य एवं आकर्षक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक एकता, संविधान के सम्मान और बाबा साहेब के आदर्शों की झलक साफ दिखाई दी। रैली का शुभारंभ रविदास मंदिर से हुआ, जो जतारा रोड, छोटा बस स्टैंड, विभिन्न बस्तियों और कॉलेज मार्ग से होते हुए बड़ा बस स्टैंड पहुंची तथा अंत में पुनः रविदास मंदिर पर समापन हुआ।

रैली के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। कई स्थानों पर फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। पूरे मार्ग में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक, कांग्रेस अध्यक्ष अशोक अहिरवार, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संजय एवं संजू अहिरवार, आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राहुल अहिरवार, कबीर अहिरवार, पन्ना अहिरवार, मोहन अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बाबा साहेब के अनुयायी उपस्थित रहे। रैली में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। अनुयायियों के हाथों में संविधान की प्रतियां नजर आईं, जो उनके विचारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शा रही थीं। डीजे, घोड़े एवं अन्य आकर्षणों ने रैली को और अधिक भव्य बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान पलेरा पुलिस द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। नगरवासियों और आयोजकों के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा, जिसने बाबा साहेब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

### धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

# व्यसनमुक्त जीवन का सभी बंधु लें संकल्प : परसादीलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती मंगलवार को श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता के साथ पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। सिविल लाइन रोड स्थित सेन महाराज की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर संत के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस मौके पर बड़ागांव धसान से आकर कार्यक्रम में शामिल हुए परसादीलाल सेन ने आहवान करते हुये कहा कि संत शिरोमणि की जयंती पर सभी समाजबंधु यह संकल्प लें कि बो अपना जीवन व्यसनो से मुक्त होकर जियेंगे। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी राकेश गिरी एवं युवा प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक कन्हैयालाल मुखिया ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत रमेश कुमार द्वारा संत सेन महाराज के अभिषेक, पूजा अर्चना और कन्या पूजन के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने संत के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन ने समाज को संगठित रहने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को व्यसन मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस अवसर पर परसादीलाल सेन बड़ागांव धसान, देवेंद्र सेन, धनीराम सेन, राहुल बंटी वर्मा, छोटे लाल अंतौरा, रामनारायण सेन, गणेश सेन, मुन्ना लाल सेन, रामरतन सेन, चंद्रभान सेन, सूदन लाल, रामबगस सेन, वीरन मुखिया, कमलेश सेन सहित सेन समाज के अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

# पुलिस का आसरा, लाचार बुजुर्ग महिला को पहुंचाया आश्रम

### एसपी की पहल पर देहात पुलिस ने दिखाई संवेदनशीलता, दवा भोजन की भी कराई व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की पहल पर संचालित आसरा अभियान अब जरूरतमंदों के लिए वास्तविक सहारा साबित हो रहा है। इसी क्रम में थाना देहात पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक असहाय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल की शाम थाना देहात क्षेत्र में लगभग 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला असहाय अवस्था में मिलीं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनका कोई सहारा नहीं है और उनका भतीजा, जो उनकी देखभाल करता था, वर्तमान में जेल में निरुद्ध है। महिला ने स्वयं को थाना कुडीला क्षेत्र के हीरापुर गांव का निवासी बताया।

उक्त वृद्ध महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए थाना देहात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके सुरक्षित संरक्षण की व्यवस्था की। पुलिस द्वारा वृद्धाश्रम से संपर्क स्थापित कर महिला को वहां सुरक्षित पहुंचाया गया। इस कार्य में महिला आरक्षक शिवानी दांगी, आरक्षक सुनील लोधी, आरक्षक अरविंद निरंजन एवं एफआरवी चालक रईस खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने केवल आश्रय तक ही सीमित न रहते हुए वृद्ध महिला के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा। उनके लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था कराई गई और भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उल्लेखनीय है कि आसरा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में निराश्रित एवं असहाय बुजुर्गों की पहचान कर उन्हें सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का यह मानवीय प्रयास समाज के कमजोर वर्ग के प्रति उसकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है। जिला पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस तरह के सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद खुद को असहाय महसूस न करे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

# श्रमदान से संवर रहा मदन सागर तालाब, जागा जनमानस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जतारा

जल संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण मंगलवार को जतारा नगर में देखने को मिला, जब मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मदन सागर तालाब में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तालाब की सफाई, घाटों की स्वच्छता और जल पूजन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप यह अभियान 19 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत वर्षा जल संचय को बढ़ावा देने के लिए नई जल संरचनाओं का निर्माण और प्राचीन जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संकट से बचाव के लिए समाज की भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जल संरक्षण के कार्यों में आगे आएं, जिससे वर्षा जल संचय हो और भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। इसके लिए जल चौपाल, रैली, कलश यात्रा और नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यमों से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**तालाब को स्वच्छ व संरक्षित रखने का संकल्प लिया**

इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद जतारा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था महलवार माता जन कल्याण समिति, नगर विकास प्रस्फुटन समिति जतारा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बल्देवपुरा एवं सिमरिया के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सभी ने मिलकर चंदेलकालीन मदन सागर तालाब की सफाई की और इसे स्वच्छ व संरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और उन्हें स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। यह आयोजन न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि सामूहिक प्रयासों से प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ।

### हाथी घोड़े, बैंड बाजे के बीच हुआ आगमन

# आचार्य विशुद्ध सागर अगवानी के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

धर्म, भक्ति और आस्था के अभूतपूर्व संगम के बीच मंगलवार को शहर में आचार्य विशुद्ध सागर महामुनिराज की अगवानी के साथ श्रीमद जिनेंद्र पंचकल्याणक एवं श्री 1008 शांतिनाथ जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महावीर जिनालय में 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत इतनी दिव्यता के साथ हुई कि पूरा नगर धर्ममय वातावरण में सराबोर हो गया।

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि आचार्य श्री का सान्निध्य मिलना अत्यंत सौभाग्य का विषय है। प्रातः 7 बजे पपौरा जी से पुरानी टेहरी तालाब तक भव्य अगवानी यात्रा में हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। अगवानी यात्रा का दृश्य अत्यंत मनोहारी रहा। सबसे आगे धर्म ध्वजा के साथ सुसज्जित हाथियों द्वारा नमोस्तु अर्पित किया गया, वहीं हांथी घोड़े और विभिन्न म्यूजिकल ग्रुप, दयोदय, वर्धमान, आदिनाथ एवं अहिंसा की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बग्गियों में सजे प्रमुख पात्र और महाराष्ट्र के नादली बैंड व उदयपुर के बैंड की धुनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विशेष आकर्षण 21 महिला रेजीमेंट रही, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में भजनों पर



नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। नगर के प्रमुख स्थानों कटरा बाजार, रतन चौराहा, सिंधी धर्मशाला, नंदीश्वर कॉलोनी एवं सांसद निवास पर श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री का चरण प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन आगम पाठशाला के बच्चों, विभिन्न मंदिर समितियों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महावीर जिनालय पहुंचने पर ध्वजारोहण, पंडाल एवं मंच उद्घाटन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इसके बाद आचार्य श्री के ओजस्वी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। महोत्सव के तहत 16 अप्रैल को चातुर्मास स्थापना के लिए विभिन्न समाजों के धर्मगुरु एवं जनप्रतिनिधि श्रीफल भेंट करेंगे। वहीं 17 अप्रैल को प्रातः 8 बजे भव्य जिनेश्वरी दीक्षा का आयोजन होगा।

# एसपी मंडलोई ने पेंशनर्स के साथ की संवाद बैठक

**टीकमगढ़।** जिले में पुलिस परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 13 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस पेंशनर्स के साथ संवादात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की गई। एसपी मंडलोई ने सभी पेंशनर्स का कुशलक्षेम जानने के साथ उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और पुलिस सेवा के दौरान उनके अनुभवों को बड़े सम्मान के साथ सुना। इस दौरान उनके वर्तमान जीवन, दिनचर्या और सामाजिक जुड़ाव पर भी सार्थक संवाद हुआ। पेंशनर्स ने बैठक में अपनी विभिन्न समस्याएं और आवश्यकताएं खुलकर



साझा कीं, जिस पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी पेंशनर्स के लिए चाय, पानी एवं नाश्ते की व्यवस्था कर एक पारिवारिक वातावरण तैयार किया गया, जिससे वरिष्ठजन स्वयं को सम्मानित और पुलिस परिवार से जुड़ा हुआ महसूस करते नजर आए। बैठक में पुलिस पेंशनर्स समिति के संभागीय अध्यक्ष सुरेश दोदेरिया सहित अन्य पेंशनर्स सदस्य एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल उन वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक मानी जा रही है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय समाज और कानून व्यवस्था की सेवा में समर्पित किया।

### जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह में सजी आयोजन श्रृंखला, लगी प्रदर्शनी

# महान संविधान अंतर्गत जीवन यापन करना हमारा सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित उत्सव भवन में भव्य जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व को लेकर प्रभावी संदेश दिए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं और आमजन की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

समारोह की शुरुआत शंकरलाल एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से की गई, जिसने माहौल को भावनात्मक और गरिमामय बना दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, कार्यक्रम की अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, विशिष्ट अतिथि सरोज राजपूत एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण





विभाग मुकेश पालीवाल ने विभागीय योजनाओं और शासन की जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जो आज भी समाज को दिशा देता है। विशिष्ट अतिथि सरोज राजपूत ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने पूरे देश के लिए संविधान का निर्माण कर लोकतंत्र को सशक्त आधार प्रदान किया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे महान संविधान के अंतर्गत जीवन यापन कर रहे हैं, जिसकी रचना डॉ. अंबेडकर ने की। कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या जूनियर छात्रावास, अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रा कीर्ति सौर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित प्रभावशाली कविता पाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। उक्त समारोह में विभिन्न विभागों सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, अंत्यावसायी सहकारी, जिला शिक्षा केंद्र, मप्र डे आजीविका मिशन, भारतीय स्टेट बैंक, उद्यानिकी, मत्स्य विकास, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, कृषि विकास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग आदि द्वारा योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। इसके माध्यम से आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को हितलाभ एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर आदि उपस्थित रहे।

### दावे आपत्ति मांगे जाने के बाद से रूक गई कार्रवाई

# अटकी नई संस्थाओं के गठन की कार्रवाई, किसानों की उम्मीदे धूमिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में नई कृषि साख सहकारी संस्थाओं के गठन की कार्रवाई फिलहाल अटक गई है। पिछले साल 24 जून 2025 तक 12 नई कृषि साख सहकारी संस्थाएं बनाए जाने के लिए दावे आपत्तियां मांगी गई थी। लेकिन इसके बाद कार्रवाई आगे बढने के बजाए वहीं अटकी रह गई है। जिससे जिले के उन किसानों की उम्मीदे धूमिल हो गई,जो किसान नई सहकारी संस्थाओ के गठन होने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल इस मामले में प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी कोई गंभीरता दिखाते नजर नहीं आ रहे है। जिसके चलते किसानो की उम्मीद जल्द पूरी होने के आसार भी नहीं दिख रहे है।

दरअसल नई सहकारी संस्थाओ के गठन होने से किसानों का सहकारी संस्था पहुंचने के लिए लंबी दूरी का फेर लगाना मिट जाता। क्योंकि सहकारी संस्थाएं उनके खुद के गांव में या फिर बिल्कुल नजदीकी गांव में पहुंच जाती है। बता दें कि जिले के किसान कृषि साख सहकारी संस्थाओं से ही खाद बीज और खाद का लेनदेन करते है। इसके लिए उन्हें सहकारी संस्थाओ से ऋण भी मिल जाता है। जिसे किसान फसल आने पर चुकता कर देते है। कई गांवों के किसानों के लिए सहकारी संस्थाएं दूर पडती है। इसलिए उन्हें सहकारी संस्था पर जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पडती है। लंबी दूरी तय करने की परेशानी खत्म हो,इसलिए किसान नई सहकारी संस्थाओ के गठन की कार्रवाई शुरू होने पर खुशी जाहिर कर रहे थे।




#### संस्थाओं में बनेंगे 6748 नए सदस्य, अभियान शुरू

नई सहकारी संस्थाएं कब बनेगी,इसका तो फिलहाल कोई अता पता नहीं है। मगर जिले में पहले से मौजूद 47 कृषि साख सहकारी संस्थाओ में नए कृषक सदस्य बनाने का अभियान शुरू हो गया है। कॉपरेटिव बैंक के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 14 अप्रैल से नए सदस्य बनाने का अभियान जिले की कृषि साख सहकारी संस्थाओ में शुरू कर दिया है। 15 मई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान 6748 नए सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए सदस्य बनाए जाने के बाद उन्हें भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरित करके शासन की योजनाओ का लाभ दिलवाया जाएगा। बता दे कि जिले की 47 सहकारी संस्थाओ में पहले से 67600 सदस्य पंजीकृत है।

#### 12 नई सहकारी संस्थाओं का होना है गठन

दरअसल जिले में 47 कृषि साख सहकारी संस्थाएं मौजूद है। शासन के निर्देश पर 47 संस्थाओ में से 12 संस्थाओं का पुर्नगठन करके 12 नई संस्थाएं गठित की जानी है। इस प्रक्रिया के तहत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी पैक्स) विजयपुर में से गोहटा, गसवानी में से बडौदा कला, गढी में से दोर्द, अर्रोद में से ऊमरी कलां, उतनवाड में से बाजरली, आवदा में से पहेला, रघुनाथपुर में से सुठारा, दांतरदा में से बनवाडा, मानपुर में से जैनी, प्रेमसर में से आमल्दा, बिजरपुर में से पच्चीपुरा एवं जमूदी में से टर्राखुर्द में नई संस्थाएं बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सहकारी संस्थाओ में साधारण सभा आयोजित किए जाने के बाद सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा 24 जून 2025 तक दावे आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। मगर इसके बाद से कार्रवाई रूकी पडी है।

#### इनका कहना...

नई सहकारी संस्थाओं के गठन की कार्रवाई अटक गई है, जो जल्द ही शुरू होनी चाहिए। इस मामले को लेकर भारतीय किसान संघ ज्ञापन सौंपकर आवाज उठाएगा। क्योंकि नई संस्थाओ के बनने से जिले के किसानों को सुविधा मिलेगी।

**नरेन्द्र सिंह चौधरी**
**जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ,श्योपुर**

नई संस्थाओं के गठन के संबंध में सहकारी संस्थाओं में साधारण सभा आयोजित कराई जा चुकी है। लेकिन पंजीयन की कार्रवाई नहीं हो पाई है, जो सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग से होना है।

**दिनेश कुमार गुप्ता**
**नोडल अधिकारी कॉपरेटिव बैंक श्योपुर**

नई सहकारी संस्थाओं के गठन की कार्रवाई कहां अटक गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता से इसका पता करवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करवाई जाएगी।

**रूपेश उपाध्याय**
**अपर कलेक्टर,श्योपुर**

### पिछले साल 6 मई को घोषित हुआ था रिजल्ट

# आज खुलेगा बोर्ड परीक्षा के नतीजों का पिटारा, बढ़ी छात्र-छात्राओं की धड़कनें




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इस समय जिले के उन हजारो छात्र छात्राओ की धडकने तेज हो गई है,जिन्होने इस साल माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में दी थी। क्योंकि कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजो का पिटारा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे खुलने वाला है। साल भर की मेहनत, रात-रात भर जागकर की गई पढ़ाई और एग्जाम हॉल की वो घबराहट के बाद अब इन सब का फल मिलने का वक्त आ गया है।

विशेष बात यह है कि इस साल कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट पिछले साल की तुलना में जल्दी आ रहा है। क्योंकि पिछले साल 2025 में कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 5 मई 2025 को घोषित किया गया था। जबकि 2026 में रिजल्ट 15 अप्रैल को घोषित होने जा रहा है।

#### फेल होने वाले विद्यार्थी घबराए नहीं,दोबारा दें परीक्षा, 7 मई से शुरू होगी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा

15 अप्रैल को घोषित होने वाले कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में जो विद्यार्थी फेल हो जाए, या फिर उनके किसी विषय में नंबर कम आए तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल इस साल से 'द्वितीय परीक्षा' शुरू किए जाने का नवाचार भी करेगा। यह द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 7 मई 2026 से शुरू होगी। इस द्वितीय बोर्ड परीक्षा को अब छात्र छात्राएं सिर्फ फेल विषयों के लिए ही नहीं, बल्कि बेहतर अंक लाने के लिए भी किसी विषय में दोबारा दे सकेंगे। बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने पूरक परीक्षा की पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और उसकी जगह 'द्वितीय परीक्षा' की व्यवस्था शुरू की है। द्वितीय परीक्षा के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार, हायर सेकेंडरी (12वीं) की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। वहीं हाईस्कूल (10वीं) की परीक्षा 7 मई से 19 मई 2026 के बीच होगी। सभी परीक्षाएं निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होंगी।बॉक्स
फेल होने वाले विद्यार्थी घबराए नहीं,7 मई से शुरू होगी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा
15 अप्रैल को घोषित होने वाले कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में जो विद्यार्थी फेल हो जाए, या फिर उनके किसी विषय में नंबर कम आए तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल इस साल से 'द्वितीय परीक्षा' शुरू किए जाने का नवाचार भी करेगा। यह द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 7 मई 2026 से शुरू होगी। इस द्वितीय बोर्ड परीक्षा को अब छात्र छात्राएं सिर्फ फेल विषयों के लिए ही नहीं, बल्कि बेहतर अंक लाने के लिए भी किसी विषय में दोबारा दे सकेंगे। बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने पूरक परीक्षा की पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और उसकी जगह 'द्वितीय परीक्षा' की व्यवस्था शुरू की है। द्वितीय परीक्षा के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार, हायर सेकेंडरी (12वीं) की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। वहीं हाईस्कूल (10वीं) की परीक्षा 7 मई से 19 मई 2026 के बीच होगी। सभी परीक्षाएं निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होंगी।

### बाल विवाह विषय पर आयोजित कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ली शपथ

# बाल विवाह सामाजिक कुरीति इसे जनभागीदारी से खत्म करें: सौम्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बाल विवाह सामाजिक कुरीति है जिसका खात्मा जरूरी है। हालांकि बाल विवाह रोकने के लिए सरकार ने कानून बनाया है लेकिन किसी अपराध को कानून का डर दिखाकर रोकने के बजाए अपराध में छुपी बुराई को उजागर कर अपराध का खात्मा बेहतर विकल्प है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनकी पकड़ हर घर के चूल्हे चौके तक होती है इस बुराई को जन जागरूकता फैलाकर रोकने में सहयोग दें। यह बात बाल विवाह विषय पर आयोजित कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को समझाइश देते हुए कही।

जिप सीईओ ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 (PCMA) भारत में बाल विवाह को रोकने, उसे दंडनीय बनाने और पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करने का मुख्य कानून है, जो 1 नवंबर 2007 से लागू हुआ। यह 18 वर्ष से कम लड़की और 21 वर्ष से कम लड़के के विवाह को अवैध मानता है। उल्लंघन करने पर 2 साल तक के कठोर कारावास और 1 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून का उपयोग जरूरत पड़ने पर हम कर सकते हैं लेकिन बाल विवाह रोकने के लिए कानून का सहारा लेने से सामाजिक चेतना लाकर बुराई का खात्मा करना बेहतर है। आयोजित कार्यशाला में प्रसिद्ध संत नोनार सरकार महाराज अपना आशीष वचन देने पहुंचे थे। इस दौरान जनपद सीईओ राकेश शर्मा, जनपद पंचायत कराहल अध्यक्ष बतो बाई आदिवासी, हरनाद देवरिया मंडल अध्यक्ष बीजेपी, मुकेश गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस विभिन्न राजनीतिक दलों के मंडल अध्यक्ष, फेरन सिंह बीजेपी महामंत्री, दुष्यंत गुर्जर विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि , आजीविका मिशन विकासखंड प्रबंधक रामराज मीणा, गोपाल शर्मा, जनपद पंचायत के शिक्षा विभाग के बीआरसी, बीआरसी बीएसी, सेक्टर सुपरवाइजर ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता समूह सदस्य,समस्त खंडस्तरीय अधिकारी,उपस्थित रहे।

# खड़ी कार में अचानक भड़की आग मची अफरा तफरी, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के महाराणा प्रताप नगर क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक खड़ी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया।हालांकि समय रहते दमकल गाडी को सूचना कर दी गई,लेकिन इसके बाद भी दमकल आग बुझाने के लिए देरी से मौके पर पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके कुछ ही क्षणों बाद आग की लपटें तेज हो गईं। मोहल्ले के लोगों और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। बाल्टियों से पानी डालकर और अन्य संसाधनों के जरिए आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि उस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। कार मालिक अम्बालाल जाट ने बताया कि उनकी गाड़ी की कीमत 14 लाख रुपये से अधिक थी और इस घटना में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कार घर के बाहर खड़ी थी और अचानक आग लगने से वे भी हैरान हैं। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यदि आग आसपास के घरों तक फैल जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# पत्नी ने नहीं परोसा खाना तो पति ने कर दी मारपीट

**पति पर केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




पत्नी ने थाली में खाना नहीं परोसा तो पति भड़क गया और उसने डंडे से पत्नी की मारपीट कर दी। मारपीट से गुस्साई पत्नी ने भी थाने पहुंचकर पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र के गांव उतनवाड का है।

बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि यह घटनाक्रम में सोमवार को तब घटित हुआ,जब महिला आरती पत्नी महावीर मीणा अपने घर में गेंहू भरने का काम कर रही थी। तभी घर लौटे ने पति महावीर ने पत्नी से कहा कि मुझे भूख लगी है,मेरे के लिए खाना परोस दो, इस पर पत्नी बोली कि अभी मै गेंहू भर रही हूं, इस काम को करने के बाद खाना परोस दूंगी। इस बार पर पति गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया और उसने गाली गलौच करते हुए पत्नी की डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट से महिला जख्मी हो गई। इस मामले में पीडित आरती मीणा की रिपोर्ट पर उसके पति महावीर मीणा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

#### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी गगन साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल और रोहित साहू ने उसे अश्लील गालियां दी और ईंट फेंककर मारी, और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद सिंगराना निवासी भरत रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल पाल, सुमित, सुरेश, गजराम पाल ने उससे मारपीट की। दूसरे पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित ओम ताइक्वांडो फिटनेस अकैडमी द्वारा दिनाँक 12 अप्रैल को ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। ताइक्वांडो कोच ओम चतुर्वेदी के द्वारा संचालित अकैडमी में बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ बेल्ट परीक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजित बेल्ट सर्टिफिकेशन परीक्षा में 15 खिलाडियों ने ग्रीन बेल्ट एवं 8 खिलाडियों ने रेड बेल्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमे जिला ताइक्वांडो संघ सचिव, सोम थापा मुख्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गजेंद्र सिंह कंवर ने प्रतिभागियों को खेलों के माध्यम से अनुशासित जीवन अपनाने प्रेरित किया।

# टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, वन, जिला अभियोजन, स्वास्थ्य, खाद्य, परिवहन, जनजातीय कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस विभाग अंतर्गत गैर बैंकिंग कम्पनियों/ चिटफण्ड कंपनियों, माइक्रो फायनेंस कंपनियों एवं अन्य कंपनियों के विरुद्ध पंजीचद्ध लंबित अपराधों की जानकारी वर्ष जनवरी 2026 तथा एनडीपीएस एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। वन विभाग अंतर्गत अशोकनगर वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में अवैध कटाई अतिक्रमण / परिवहन उत्खनन शिकार एवं तस्करी, वन प्राणियों की विद्युत लाईन से सुरक्षा,वनग्रामों में सामुदायिक वनाधिकारों को पूर्ण कर विनिश्चयन करना एवं भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। सिविल सूट अंतर्गत उच्च न्यायालयों में लंबित रिट पिटीशन प्रकरणों की जानकारी,अवमानना प्रकरणों की स्थिति, न्यायालय में प्रचलित प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला अभियोजन के तहत जिला स्तरीय जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों, चिन्हित किये जाने वाले अपराधों की जानकारी,माह मार्च 2026 में निर्णित दोष मुक्ति चिन्हित प्रकरणों का विवरण,माह मार्च 2026 तक चिन्हित/जघन्य सनसनीखेज अपराधों की संख्यात्मक जानकारी, विशेष सत्र न्यायालय में एस.सी./एसटी एक्ट प्रकरणों की विन्दुवार जानकारी,माननीय विशेष सत्र न्यायालय में पॉक्सो एक्ट प्रकरणों की बिन्दुवार जानकारी,माह मार्च 2026 में लैंगिक अपराधों से चालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रकरणों की जानकारी, माह मार्च 2026 में एस.सी. एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत निराकृत प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत औषधि विक्रय संस्थानों के निरीक्षण, औषधि/कॉस्मेटिक नमूनों की जानकारी, औषधि विक्रय अनुजप्ति की जानकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### अंबेडकर जयंती पर जिले भर में आयोजित हुए कार्यक्रम, ली संविधान को सुरक्षित रखने की शपथ

# हर्षोल्लास के साथ मनाया संविधान निर्माता का जन्मोत्सव, अनुयायियों ने निकाली विशाल शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर शहर में विशाल चल समारोह निकला गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर जनसभा एवं पुरस्कार वितरण समारोह में तब्दील हो गया। अम्बेडकर जयंती पर शहर के अलावा जिलेभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें बडी संख्या में लोग शामिल हुए।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी दो चल समारोह निकाले गए। पहला चल समारोह वार्ड क्र 11 अंबेडकर नगर से शुरू हुआ जो पाली रोड से होता हुआ जय स्तंभ पहुंचा और दूसरा चल समारोह कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित चेनपुरा बस्ती बौद्ध बिहार से शुरू हुआ जो शिवपुरी रोड से वीर सावरकर स्टेडियम, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन होता हुआ जयस्तंभ पर पहुंचकर पहले चल समारोह में शामिल हो गया। यहां से संयुक्त रूप से निकला चल समारोह, गांधी पार्क, मेन मार्केट, सुबात चौराहा, टोड़ी गणेश मंदिर, पुल दरवाजा, कबीर आश्रम, बड़ौदा रोड होता हुआ पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंच कर जनसभा में तब्दील हो गया। इस दौरान बाजार में निकले जुलूस पर नागरिकों सहित स्वमं सेवियों संस्थाओ तथा राजनेताओं ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। इस क्रम में विजयपुर बड़ौदा वीरपुर कराहल ढोढर सहित अन्य कई स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने अंबेडकर पार्क में पहुंचकर संविधान की किताब लेकर शपथ ली और बाबा साहब की प्रतिमा पर माला अर्पण करके उनकी विचारों को याद किया।

उधर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्योपुर नगर इकाई ने शासकीय पीजी कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में ₹डॉ.अंबेडकर के विचार और आज का भारत" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय जनजाति विद्यार्थी कार्य प्रमुख रामाधार सिंह उपस्थित रहे।



#### कांग्रेस ने ली शपथ, चल समारोह में शामिल हुए

डॉ अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होकर कांग्रेस ने बाबा साहेब के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की वही कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में डॉ बीआर अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी ओर संविधान के संरक्षण की शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, विधायक बाबू जंडेल, पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश सिकरवार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामभरत मीणा, जिला उपाध्यक्ष चीनी कुरैशी, रामवतार जोशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिगोविन्द जोहरी, प्रहलाद सेन, रामकुमार उमरेया,भोलानाथ चौहान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर सोंईकलां क्षेत्र के ग्राम ददूनी में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल एवं माला चढ़ाकर और प्रसाद वितरण कर लोगो को बाबा साहब की जयंती की बधाई दी गई है। इस मौके पर सोंईकलां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममिलन मीणा, सोनू बैरवा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



#### जिले भर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले भर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद के निर्देश पर सभी सरकारी स्कूलों की मुख्य दीवार पर संविधान शपथ पेंट कराई गई और एक दिन पहले ही स्कूलों में वर्किंग डे पर शपथ ली गई। मंगलवार को नगर पालिका ऑडिटोरियम में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिप सीईओ सौम्या आनंद, एसडीम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया सहित जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को संविधान की शपथ दिलाई।



## खबर संक्षेप

### भोपाल मंडल होकर दो जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

**बीना।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल से होकर गुजरने/ठहराव वाली विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों का तेरा बीना भी स्टेशन रहेगा। भोपाल मंडल जन संपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 04212/04211 सुल्तानपुरझ्रलोकमान्य तिलक टर्मिनसझ्रसुल्तानपुर विशेष ट्रेन सुल्तानपुर से 20 मई से 15 जुलाई (9 फेरे) एलटीटी सेः 21मई से 16 जुलाई (9 फेरे) चलेगी। भोपाल मंडल में प्रमुख ठठहरा बीना, रानी कमलापति, इटारसी रहेगा। ट्रेन सुल्तानपुर से बुधवार एवं एलटीटी से गुरुवार को चलेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 04226/04225 वाराणसीझ्रलोकमान्य तिलक टर्मिनसझ्रवाराणसी विशेष वाराणसी से 21 मई से 09 जुलाई (8 फेरे) चलेगी। वहीं एलटीटी से 22 मई से 10 जुलाई (8 फेरे) चलेगी' भोपाल मंडल में ठहराव बीना, रानी कमलापति, इटारसी रहेगा। ट्रेन वाराणसी से शुक्रवा और एलटीटी से शुक्रवार को चलेगी। जनसंपर्क अधिकारी ने लोगों से अपील की है उपरोक्त ट्रेनों का संचालन निर्धारित तिथियों एवं समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा। वे यात्रा से पूर्व रेलवे वेबसाइट/रेलवे ऐप अथवा पूछताछ केंद्र से जानकारी प्राप्त करें।

### शादी के कार्ड बांटने आए युवक की एक्सीडेंट में हुई मौत, एक घायल

**बीना।** खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम मालासुनेटी के पास ट्रांले की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस बाइक सवार युवक की मौत हुई है। वह उत्तरप्रदेश से एमपी में अपनी शादी के कार्ड बांटने के लिए आया हुआ था। मृतक युवक की 29 अप्रैल को शादी है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार युवक रवि पिता मोहनलाल राजपूत(26) निवासी मानपुर थाना बबीना जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश जो अपने मामा के लड़के अनिल पिता गोदन राजपूत(24) निवासी स्वामी बरोदा थाना जखौरा उत्तर प्रदेश के साथ अपनी ही शादी के कार्ड बांटने के लिए बीना आया था। रवि की 29 अप्रैल को शादी थी। बीना में रिश्तेदारों के यहां शादी के कार्ड बांटकर वह अपने घर की और निकला था कि मालासुनेटी गांव के पास ट्रॉला क्रमांक एमपी जेड एन 7705 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क किनारे गिर गए। घटना की जानकारी लगते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। डॉयल 112 की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। डॉक्टर की जांच में रवि को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अनिल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया। खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि ट्रॉला चालक पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एसडीओ ने कहा- कई पत्र लिखे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

# तुलसी सरोवर जल संसाधन विभाग का है यहां नपा वर्षों से कर रही निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला मुख्यालय पर शहर के बीचों बीच बहने वाले तुलसी सरोवर को लेकर अजीव स्थिति बनी हुई है। यह तालाब जल संसाधन विभाग का है और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा तैयार की गई हैं। पिछले 15 वर्षों से यहां नगरपालिका आमजनों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य करती आ रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ का कहना है कि अभी तालाब हस्तांरित नहीं हुआ है, उसके बाद भी यह निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

शहर में तुलसी सरोवर का निर्माण वर्ष 1977 में पूरा हुआ था, जनता पार्टी की सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुखिया पंडित श्यामा चरण शुक्ल ने इस तालाब का लोकार्पण किया था। जब से यह तालाब अस्तित्व में हैं, उस समय इस तालाब का उददेश्य यह था कि इस तालाब से निकलने वाली नहर के माध्यम से आस पास की फसलों की सिंचाई हो सके। लेकिन इस तालाब के आसपास तेजी से शहर की बसाहट होने के बाद तथा शहर का वायपास मार्ग इसी तालाब के किनारे से निकलने के कारण यह तालाब शहर के बीचों बीच आ गया और तालाब से निकलने वाली नहर भी बंद हो गई है व फसलों की सिंचाई भी अब नहीं होती है।

### सीमांकन को लेकर आधा दर्जन पत्र हो चुके है जारी

सीमांकन को लेकर विभाग द्वारा आधा दर्जन पत्र जारी किए जा चुके हैं, लेकिन सीमांकन का कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा इस तालाब के निर्माण को लेकर बड़ी राशि खर्च की गई थी, भू अर्जन की कार्यवाही भी हुई थी, विभाग का जो पैसा लगा है, वह पैसा नगरपालिका से दिए जाने की मांग की गई थी लेकिन आज तक इस दशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### 2016 से नगरपालिका को हस्तांरित करने की प्रक्रिया चल रही है जो आज भी अधूरी

जल संसाधन विभाग के एसडीओ वीके शाक्य का कहना है कि जहां जहां इस तरह के तालाब हैं और फसलों की सिंचाई होना बंद हो गई है वह तालाब अन्य कार्यों के लिए उपयोग में आ रहे हैं, अशोकनगर के इस तालाब को लेकर पिछले 20 सालों से कोई सिंचाई नहीं हुई है, 2016 से इस तालाब को नगर पालिका के लिए हस्तांरित करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। उसके पहले ही नगरपालिका इस तालाब को अपना मान चुकी है और तब से ही नगरपालिका में आने वाली परिषदें यहां निर्माण कार्य करती आ रही हैं, पिछले 10 सालों से यहां निर्माण कार्य चल रहा है। इस संबंध में विभाग ने कई बार लिखा है कि बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य न किया जाए, लेकिन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली जाती,यहां निंरतर निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### 60 हेक्टेयर क्षेत्र में बना है तालाब लेकिन सीमांकन आज तक नहीं

इस संबंध में एसडीओ वीके शाक्य ने बताया कि अशोकनगर यह तुलसी सरोवर तालाब जल संसाधन विभाग की संपत्ति है, इस तालाब का जब निर्माण हुआ था तब विभाग के रिकॉर्ड में इसका क्षेत्रफल 60 हेक्टेयर था लेकिन वर्तमान में इस तालाब के आस पास कई निर्माण कार्य हो चुके हैं, इस तालाब को बचाने के लिए विभाग की ओर से सीमांकन हेतु कई पत्र विभाग द्वारा जारी किए जा चुके हैं लेकिन आज तक इस तालाब का सीमांकन नहीं हो पाया है, अगर सीमांकन का कार्य हो जाए तो यह पता चल सके कि वर्तमान में तालाब कितनी भूमि पर है और कितनी भूमि पर अतिक्रमण है ताकि अतिक्रमण कारियों को नोटिस भी जारी हो सकें और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हो सके। क्योंकि वर्तमान में एनजीटी का प्रकरण भी चल रहा है, उसे देखते हुए विभाग द्वारा इस तालाब को लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### 49 वर्ष का हो चुका है अशोकनगर का तुलसी सरोवर तालाब

ज्ञात हो कि अशोकनगर का यह तुलसी सरोवर 49 वर्ष का हो चुका है इस तालाब को बचाए जाने की जिम्मेदारी सबकी है, तालाब चाहे जल संसाधन विभाग का रहे या फिर नगरपालिका का हो। यह तालाब अशोकनगर के लिए बहुत उपयोगी है, इस तालाब से यह फायदे हैं कि शहर के लोगों को धार्मिक कार्यों पूरा करने के लिए जल स्त्रोत की तलाश रहती है।

### तालाब को अतीत के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए बचाना जरूरी

वर्तमान में शहर के अंदर एक मात्र तालाब के रूप में जल स्त्रोत तुलसी सरोवर ही है, इससे लोगों की धार्मिक आस्थाएं पूरी होती हैं, साथ में यह तालाब अशोकनगर शहर की सुंदरता को भी चार चांद लगाने वाला हो सकता है। इसीलिए तालाब के किनारे विश्राम गृह का निर्माण किया गया था ताकि यहां आने वाले व्हीआईपी लोग एक ओर तालाब और दूसरी ओर तुलसी सरोवर पार्क का प्राकृतिक आंनद ले सकें। साथ में यह तालाब इसलिए भी बहु उपयोगी है क्योंकि इससे शहर का जल स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। आस पास की कॉलोनियों में निवास करने वाले लोगों के यहां चलने वाले बोर आसानी से काम करते हैं। इस लिए इस तालाब को अतीत के बाद वर्तमान में और भविष्य के लिए भी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर में निकाली शोभायात्रा

# धूमधाम के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सभी संगठन के लोगों ने धूमधाम के साथ मनाई। इस मौके पर सभी डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर पहुंचे और उन्हें पुष्प माला पहनाकर नमन किया। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा देने वाले संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना, संत रविदास जनकल्याण समिति नई बस्ती, डॉ अंबेडकर जन सेवा समिति, ब्लॉक, शहर कांग्रेस कमेटी सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता को माला पहनाकर पहनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना ने विशाल शोभा यात्रा निकाली जो अंबेडकर तिराहा से सर्वोदय चौक, गांधी चौराहा, महावीर चौक, मां जागेश्वरी मार्ग से होती हुई ग्राम हिरनछिपा में समापन हुई।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा भारत के संविधान और सामाजिक न्याय के इतिहास में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान प्रेरणादायक है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व किया, बल्कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों की नई चेतना भी जगाई। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। कांग्रेस अनुसूचित जाति अध्यक्ष अशोक परिहार ने बाबा साहब ने अपने विचारों, संघर्षों और सिद्धांतों से न केवल हाशिए पर खड़े लोगों को आवाज़ दी, बल्कि एक समावेशी और समानता पर आधारित भारत का सपना दिखाया।

### भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस आज से एलएचबी रैक के साथ दौड़ेगी

**बीना।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल एवं ट्रेन नंबर 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल से प्रभावी एलएचबी कोच के साथ दौड़ेगी।

# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन को लेकर निर्देश किए जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने विभागबार प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी विभागों द्वारा समय सीमा के पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करना सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में उत्तर लंबे समय से लंबित है उनमें तत्काल कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डी ग्रेड में आने वाले विभाग मेहनत कर शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एलपीजी से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

**शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग में सुधार लाएं**

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अभियान के तहत चल रहे कार्यो में प्रगति लाएं। संबंधित विभाग अपने-अपने लॉगिन के माध्यम से गतिविधियो को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जाए।उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य अनुरूप वैक्सीनेश का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निराकरण किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव आदि रहे मौजूद।

### मादक पदार्थों पर कार्रवाई और नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिले में मादक पदार्थों पर कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी समन्वित प्रयास संबंधित अधिकारियों द्वारा किये जाए। साथ ही मादक पदार्थों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस हेतु जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना का आदान-प्रदान किया जाए।जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी रखी जाए। ऐसे प्रकरण जो राज्य के बाहर संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी की जाए। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए। एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और दवाओं के हानिकारक प्रभावों पर मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाए। जिलें में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का पर्यवेक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# डॉक्टर की लापरवाही ने ली महिला की जान

## पहले भी बच्चे की मौत के मामले में जा चुका है जेल, पुलिस मामले की जांच में जुटी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठेंगा दिखाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक और परिवार उजड़ गया। दांत निकलवाने गई एक महिला की गलत इंजेक्शन और बिना सूझबूझ के किए गए इलाज के कारण मौत हो गई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया है।

### क्या है पूरा घटनाक्रम?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदेरी के पछियापुरा जागेश्वरी मोहल्ला निवासी रेखा बाई (50 वर्ष), पति भगवान दास कोली, अपनी दाढ़ (दांत) निकलवाने के लिए नगर के चर्चित डॉक्टर प्रदीप रैकवार जिसे घंटी डॉक्टर के नाम से जाना जाता है के पास गई थीं। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने बिना किसी जांच-पड़ताल और बिना यह पूछे कि महिला ने कुछ खाया-पिया है या नहीं, सीधे इंजेक्शन लगा दिया और उसकी




दाढ़ निकाल दी। इलाज कराकर महिला जैसे ही अपने घर पहुंची, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसने दम तोड़ दिया। घबराए परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों का आक्रोश गलत इंजेक्शन बना मौत का कारण

महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर ने बिना किसी सूझबूझ के गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे महिला की तत्काल मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुराना अपराधी है झोलाछाप डॉक्टर

यह पहली बार नहीं है जब इस डॉक्टर की वजह से किसी की जान गई हो। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले भी एक मासूम बच्चे की मौत इसके गलत इलाज से हुई थी। उस मामले में भी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था और उसे जेल की सजा काटनी पड़ी थी। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से मौत का कारोबार शुरू कर दिया।

### प्रशासन की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस सक्रिय हुई। स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्घंटी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि होगी।

## वैशाखी मेला आज स्पेशल ट्रेन दिल्ली के लिए होगी रवाना

# श्री आंनदपुर धाम में मेले पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर श्री आनंदपुर धाम में वैशाखी के मौके पर एक मेले का आयोजन किया गया है, 13 अप्रेल को यहां शाही स्नान का आयोजन किया गया। 14 अप्रेल को यहां पादशाही गुरू महाराज के प्रवचन होगें और लंगर का आयोजन होगा, जिसके बाद वैशाखी मनाते हुए श्रद्धालु अपने घरों के लिए गुरू भक्ति के साथ रवाना होगें।

वैशाखी के मेले पर श्री आनंदपुर मे बडी संख्या मे श्रृदालु पहुचतें है। यहा पहुचने के लिए रेल साधन नही है। यहा सडक मार्ग से ही पहुचा जा सकता है। यहा पहुचने के लिए श्रृदालु अशोकनगर स्टेशन के साथ उत्तरप्रदेश के ललितपुर स्टेशन उतरते है और वहा से बसो द्वारा श्री आनंदपुर धाम पहुचते है। ललितपुर मे भी श्री आनंदपुर धाम का आश्रम है और अशोकनगर मे भी अतुल धाम के नाम से आश्रम है। यहा देश भर से श्रृदालु तो आते ही है विदेशो से भी श्रृदालु आते है। देश भर के विभिन्न स्थानो से श्रृदालु अशोकनगर स्टेशन पर आते है और यहा से ट्रस्ट की बसो द्वारा श्री आनंदपुर धाम पहुचते है। 13 अपै्रल को वैशाखी का पर्व मनाए जाने के बाद श्रृद्वालुओ का लौटना प्रारंभ हो गया है। नई दिल्ली से अशोकनगर के बीच चलाई जाने वाली एक स्पेशल टेन यहा 12 अपै्रल को नई दिल्ली से अशोकनगर पहुची थी और 15 अपै्रल को इस टेन की वापसी अशोकनगर से नई दिल्ली के लिए होगी।

अशोकनगर मे स्पेशल टेन आने और अन्य साधनों से आने वाले श्रृदालुओ के कारण यहां के लोगो को रोजगार प्राप्त होता है। सामान लाने और ले जाने वाले लोगो को इस तरह के मेले का पूरे वर्ष भर इंतजार रहता है। अशोकनगर स्टेशन के बाहर लगने वाली दुकानो पर भी ग्राहको की रौनक रहती हैं तथा अशोकनगर आश्रम के बाहर भी कई प्रकार सामान की दुकाने श्रृदालुओ के लिए सजी हैं। वह श्रृदालु यहां से अपने पंसद का सामान खरीदकर ले जाते है। वैशाखी के बाद ऐसा ही मेला गुरूपूर्णिमा पर आयोजित होता है। यहा के मंदिर अत्यंत दर्शनीय है। अब यहा संगत के अलावा अन्य वर्ग के लोग भी मनोकामना पूर्ण होने की इच्छा को लेकर यहा आते है। यहा अनेक श्रृदालु दिल्ली, ग्वालियर, शिवपुरी के रास्ते अपने निजी वाहनो से पहुचते है। आनंदपुर को लंबे समय से रेल लाइन का इंतजार है। आनंदपुर के साथ आसपास के क्षेत्रो को भी इसका लाभ मिल सके। इस कारण इस रेल लाइन को स्वीकृत किए जाने आवश्यकता है ताकि यात्री लाभांवित हो सके।

**सुविधा देने के बाद सुविधा छीनी गई**

उज्जैनी एक्सप्रेस जब अशोकनगर के रास्ते निकलती थी तो पंजाब और दिल्ली की ओर से आने वाले श्रद्धालु लाभान्वित होते थे लेकिन इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर गुना, शिवपुरी के रास्ते चलाया जा रहा है, यह ट्रेन तो बंद कर दी गई लेकिन इसके बदले में कोई नई ट्रेन नहीं चलाई गई।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

## विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। पुरानी जेल बिल्डिंग के पास स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व बीआरसीसी हरिराम अहिरवार ने बाबा साहब के जीवन दर्शन और उनके कड़े संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा प्राप्त की और देश को एक प्रगतिशील संविधान दिया। क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में बाबा साहब की उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए समानता और बंधुत्व के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। अन्य वक्ताओं द्वारा भी संबोधित किया गया साथ ही इस मौके पर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विभिन्न प्रतिभवान छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेंद्र जैन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, मनीष मोदी, दीपक पालीवाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश ग्वाल जिला महामंत्री, विवेक यादव जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, पुष्पेन्द्र सिंह दांगी सांसद प्रतिनिधि, आलोक इटोरिया जनपद सीईओ साथ ही कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं, नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।